an>

Title: Need to undertake repair of National Highway connecting Kanpur-Hamirpur-Sagar and suspend collection of toll tax on National Highway No. 2 between Kanpur and Agra till the completion of repair work.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र में उत्तर प्रदेश - मध्य प्रदेश को जोड़ने वाले राजमार्ग कानपुर-हमीरपुर-सागर की हालत बहुत ही खराब है जिसमें आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं होने से काफी जानें भी जा चुकी हैं। इस मार्ग का उपयोग वाणिज्यिक वाहनों के साथ धार्मिक स्थल चित्रकूट, मैहर और विश्वविख्यात खजुराहो जाने वाले देशी व विदेशी पर्यटक भी उपयोग करते हैं जिससे राजमार्ग में यातायात का अत्यधिक दबाव हमेशा बना रहता है। इस राजमार्ग को चौड़ा करने तथा सड़क के निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है जिससे जाम की समस्या भी रहती है। इस राजमार्ग के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए।

राजमार्ग संख्या 2 कानपुर-आगरा की हालत भी खराब है और इस राजमार्ग में टोल टैक्स की वसूली अन्य टोल टैक्स बूथों से निर्धारित मानक से बहुत ज्यादा वसूली जा रही है जबकि यह पूर्व में 40 पैसे प्रति किलोमीटर निर्धारित की गई थी। जब तक राजमार्गों की सड़कों का पूर्ण रूप से निर्माण न हो जाए, टोल टैक्स की वसूली न की जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि कानपुर के इन राजमार्गों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए तथा टोल की वसूली को भी तब तक न लिया जाए जब तक राजमार्ग पूर्णतया न बन जाएं।